झारखण्ड सरकार

मुख्यमंत्री सचिवालय

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>राँची,दिनांक–20.01.2019</u>

- मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास आज हरमू मैदान में आयोजित शहरी समृद्ध उत्सव 2019- सह-लाभुक सम्मेलन को संबोधत कया
- सरकार के प्रति देश की जनता का वश्वास बढ़ा है-- रघुवर दास, मुख्यमंत्री
- जाति संप्रदाय से ऊपर उठकर सरकार कर रही कार्य-- रघुवर दास मुख्यमंत्री
- पारदर्शी शासन देना सरकार की प्राथमकता-- रघुवर दास मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कहा क राज्य गठन के बाद पहली बार सरकार की सभी योजनाओं को पारदर्शी तरीके से वकास के अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कया गया है. आजादी के 67 वर्ष बीत जाने के बाद भी कसी ने गरीबों के सुख-दुख की सुध नहीं ली, लेकन केंद्र एवं राज्य क वर्तमान सरकार ने गरीबों के सर्वांगीण वकास के लए सभी योजनाएं गांव, गरीब और कसान सहित सभी वर्गों के हित को देखते हुए बनाई और उसे धरातल पर उतारने का काम कया. वर्ष 2014 से पहले देश और राज्य के गरीबों में निराशा की भावना रहती थी परंतु अब ऐसा नहीं है. देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार सरकार बनने के बाद गरीबों के सोच में बदलाव आया है. लोगों में आशा की नई करण जगी है. देश एवं राज्य की जनता का सरकार के प्रति वश्वास बढ़ा है. उक्त बातें मुख्यमंत्री ने हरमू मैदान में आयोजित शहरी समृद्ध उत्सव 2019- सह- लाभुक सम्मेलन में लोगों को संबोधत करते हुए कहीं.

बस 2020 तक सभी गरीबों को आवास उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमकता

मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कहा क वर्ष 2020 तक राज्य के सभी वैसे शहरी एवं ग्रामीण परिवार जिनका अपना कोई घर नहीं है उन्हें राज्य सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपना घर मुहैया कराएगी. उन्होंने कहा क हर बेघर गरीब का एक सपना होता है क उसका भी एक अपना घर हो, इस सपना को पूरा

करने के लए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2022 तक सभी को घर उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया है. राज्य सरकार केंद्र सरकार के साथ समन्वय बनाकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को मशन मोड में आवास उपलब्ध कराने पर कार्य कर रही है.

भ्रष्टाचार मुक्त शासन

मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कहा क पछले 4 वर्षों में राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने का कार्य कया है. योजनाओं परियोजनाओं से बिचौ लयों की दलाली बंद हुई है. वर्ष 2014 से पहले सरकार के सभी कार्यों में बिचौ लया हावी रहते थे परंतु अब ऐसा नहीं है. अब लाभुकों को योजनाओं का रा श सीधे डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक अकाउंट पर जाता है. शासन और जनता के बीच नज़दी कयां बड़ी हैं और इसका सकारात्मक प्रभाव भी पड़ा है.

आधारभूत संरचनाओं का हुआ है वकास

मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कहा क झारखंड के सभी जिलों में तीव्र गति से वकास कार्य हुए हैं. सड़क,फ्लाईओवर, नाली, स्कूल, हॉस्पिटल इत्यादि कार्यों के निर्माण में तेजी आई है. राजधानी रांची में हज हाउस ₹4 करोड़ की रा श से बनाई जा रही है मार्च 2019 तक हज हाउस बनकर तैयार हो जाएगा. पछले कई वर्षों से हज हाउस के निर्माण में देरी की गई. हज हाउस निर्माण कार्य में घोटाले भी हुए. परंतु वर्तमान सरकार ने हज हाउस का निर्माण कार्य करना प्रारंभ कर दिया है. रांची में र वंद्र भवन और नगर निगम का अपना भवन भी बनाया जा रहा है.

सरकार जाति संप्रदाय से ऊपर उठकर कार्य कर रही है

मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कहा क राज्य की वर्तमान सरकार ने जाति संप्रदाय से ऊपर उठकर कार्य कया है. सभी वर्गों के लोगों का सर्वांगीण वकास हो इसी सोच के साथ सरकार ने कार्य कया है. यही कारण है क पछले 4 वर्षों में राय सरकार ने कई कीर्तिमान गढ़े हैं. सभी सेक्टरों में तीव्र गति से वकास हुआ है. सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी वर्गों के लोगों को मला है. राज्य में

25 लाख चन्हित गरीबी रेखा से नीचे जीवन गुजर-बसर करने वाले परिवारों को उज्जवला योजना के तहत एलपीजी गैस एवं चूल्हा उपलब्ध कराया गया है. आने वाले दिनों में 15 लाख और गरीब परिवारों की बहनों को एलपीजी गैस एवं चूल्हा राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा.

बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अ भयान को बनाना है जन आंदोलन

मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कहा क पूरे राज्य में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अ भयान को जन आंदोलन बनाना है. बेटियों के संपूर्ण वकास के लए सरकार कृत संकल्पित है. बेटियों के समग्र वकास के लए 24 जनवरी से पूरे राज्य में मुख्यमंत्री सुकन्या योजना प्रारंभ की जा रही है. इस योजना के तहत बेटी के जन्म के बाद मां के खाते में ₹5 हजार की रा श डीवीटी के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी. बेटी के पहली कक्षा में नामांकन के बाद ₹5 हजार की सहायता रा श दी जाएगी. इसी प्रकार पांचवी आठवीं दसवीं एवं बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण होने के पश्चात बेटी के खाते में 5 हजार की सहायता रा श राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी. 18 से 20 वर्ष की उम्र तक अ ववाहित होने पर बेटियों को ₹10 हजार की सहायता रा श उपलब्ध कराई जाएगी. मुख्यमंत्री ने कहा क वर्तमान समय में बेटे और बेटियों में फर्क न करें. उन्होंने जनसमूह से अपील कया क बेटियों को स्कूल भेजें और उन्हें श क्षत करें. मुख्यमंत्री ने कहा क देश में भ्रूण हत्या जैसी अमानवीय कार्य अभी भी कए जा रहे हैं. उन्होंने जन समूह में उपस्थित लोगों से यह अपील की क बेटियों की भ्रूण हत्या ना करें. उन्होंने कहा क भ्रूण जांच करने वाले डॉक्टरों को सीधे जेल भेजा जाएगा.

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में बेटियों के प्रति एक पंक्ति अपनी ओर से सम र्पत कया......

पेट में से पुत्री मां से कहती है
माँ, अपनी उंगली पकड़कर मुझे चलने दे
माँ, तू मुझे इस जगत में आने दे

माँ, अपनी उंगली पकड़कर मुझे चलने दे
तू परीक्षण भ्रूण का कस लए कराती हो
माँ, तेरे जैसी ही तो मैं पैदा होने वाली हूं
अपनी आकृति का पुनः सृजन होने दे
मैं तो तेरा ही अंश हूं, तेरा ही तो अंश हूं
माँ, इस जगत में मुझे आने दे

वर्तमान सरकार गरीबों के प्रति सम र्पत सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा क वर्तमान सरकार गरीबों के प्रति सम र्पत सरकार है. उन्होंने कहा क मैं स्वयं एक मजदूर परिवार से आया हूं. राज्य की सवा तीन करोड़ जनता ने मुझे राज्य का मुख्य सेवक बनाया है. मुख्य सेवक बनने के बाद मैंने ईश्वर से शक्ति मांगी है क राज्य में व्याप्त गरीबी को जड़ से मटाना है. जिस वश्वास के साथ राज्य की सवा तीन करोड़ जनता ने पूर्ण बहुमत देकर सरकार बनाने का कार्य कया है उनके चेहरे पर मुस्कान लाना मेरी सर्वोच्च प्राथ मकता में से एक है.

राज्य में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना प्राथ मकता

मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कहा क राज्य में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर सरकार ने जोर दिया है. झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है जहां से 24 महिला कसानों को उन्नत कृ ष कार्य के प्र शक्षण हेतु इजराइल भेजा गया. इन कसान महिलाओं को इजरायल भ्रमण कर वहां की उन्नत कृ ष तकनीक से संबं धत जानकारियां और बारी कयां को समझने और जानने का मौका मला है. राज्य के वकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भू मका होगी. महिला शक्ति को समाज, राज्य एवं राष्ट्र की शक्ति बनानी है. राज्य की महिलाओं को कृ ष, पशुपालन एवं छोटे छोटे लघु कुटीर उद्योगों से जोड़कर उन्हें आ र्थक रूप से सशक्त बनाना सरकार की प्राथ मकता रही है. महिला स्वयं सहायता समूहों को राज्य सरकार द्वारा बैंक के साथ आपसी समन्वय स्था पत कर ऋण मुहैया कराया जा रहा है. महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं रोजगार सृजन की आधार बनी है.

सरकार वही जो गरीबों की सोचे सुने और गरीबों के लए करे

मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कहा क सरकार ऐसी होनी चाहिए जो गरीबों के हित की सोचे गरीबों की सुनो और गरीबों के लए कार्य करे. केंद्र एवं राज्य की वर्तमान सरकार ने इसी सोच के साथ गरीबों के हित के लए कई जनकल्याणकारी योजनाओं को पूरे देश में मशन मोड में चलाया है. राज्य सरकार ने गरीबों को देश की अर्थव्यवस्था से जोड़ने का कार्य कया है. वर्तमान सरकार के गठन के बाद झारखंड में अबतक 1 करोड़ 26 लाख बैंक खाते खुले हैं.

गुमराह होने से बचें

मुख्यमंत्री ने कहा क अभी भी कुछ ऐसी देश तो रख शक्तियां स क्रय हैं जो आप सबों को गुमराह करने पर लगे रहते हैं. ऐसी गुमराह करने वाली शक्तियों से आप बचें. ऐसी शक्तियां गरीबों के नाम पर राजनीति करते हैं उन्हें वोट बैंक का आधार बनाते हैं. देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार गरीब आदिवासी शो षत द लत वं चत के हित में कार्य होना प्रारंभ हुआ है. इनके लए जन कल्याणकारी कार्य निरंतर चलता रहे यही हम सभी की सोच होनी चाहिए. सबका साथ सबका वकास ही सरकार का मूल मंत्र है. जनता की कसौटी पर खरा उतरने से एक अलग आनंद की अनुभूति होती है जो मैं प्राप्त कर रहा हूं क्यों क मैंने जितने भी कार्य कए हैं सभी कार्य जनता के प्रति सम र्पत हैं.

ऐसे उत्सव से हम सभी को नई शक्ति नई चेतना और नया वश्वास मलता है

मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कहा क शहरी समृ द्ध उत्सव 2019- सह-लाभुक सम्मेलन गरीबों में आत्म वश्वास भरने का उत्सव है. यह उत्सव हम सभी को नई शक्ति, नई चेतना और नया वश्वास देता है. सम्मेलन में मुख्यमंत्री द्वारा सांकेतिक रूप से कई लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वतरण कया गया.

झारखंड में ट्रिपल इंजन की सरकार- सी पी संह

इस अवसर पर नगर वकास एवं आवास मंत्री श्री सी पी संह ने संबो धत करते हुए कहा क झारखंड में ट्रिपल इंजन की सरकार चल रही है. पहली इंजन केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार, दूसरी इंजन राज्य की रघुवर सरकार और तीसरी इंजन नगर निकाय की सरकार. उन्होंने कहा क रांची नगर निगम प्रतिबद्धता के साथ अपनी

जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहा है. सड़क निर्माण, नाली निर्माण, पेयजल की व्यवस्था, एलइडी लाइट लगाना, सभी वार्डों में साफ-सफाई इत्यादि कार्य निरंतर कारगर रूप से कए जा रहे हैं. रांची नगर निगम द्वारा पछले 4 वर्षों में अब तक 40 हजार एलईडी लाइट गली मोहल्लों में लगाए गए हैं, जल्द ही दस हजार लाइट और लगेंगे.

रघुवर दास में वजन के साथ निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता

श्री सी पी संह ने कहा क राज्य के मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास के पास वजन के साथ साथ निर्णय लेने की एक अद्भुत क्षमता है. इन्होंने सभी योजनाओं को ससमय प्रतिबद्धता के साथ धरातल पर उतारने का कार्य कया है. शहर में रहने वाले वैसे गरीब जिनके पास अपना मकान नहीं है उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने की बीड़ा उठाई है. राज्य सरकार द्वारा फुटपाथ दुकानदारों के लए अटल स्मृति वेंडर मार्केट बनाने का कार्य कया गया है. 165 करोड़ की लागत से बनने वाले र वंद्र भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है. रांची नगर निगम का भी अपना भवन तेज गति से बन रहा है. राजधानी के सभी तालाबों का सुंदरीकरण हो रहा है. रांची स्थित बड़ा तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य हुआ है साथ ही साथ स्वामी ववेकानंद की आदमकद प्रतिमा का अनावरण भी मुख्यमंत्री द्वारा कया गया. रांची के सभी वार्डों में अमृत योजना के तहत बहुत जल्द ही शुद्ध पेयजल प्रत्येक घर में पहुंचाना सरकार की प्राथ मकता है.

इस अवसर पर रांची सांसद श्री रामटहल चौधरी, राज्यसभा सांसद श्री महेश पोद्दार, महापौर रांची नगर निगम श्रीमती आशा लकड़ा, उपमहापौर रांची नगर निगम श्री संजीव वजयवर्गीय, समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्षा श्रीमती उषा पांडे, हटिया वधायक श्री नवीन जयसवाल, नगर आयुक्त श्री मनोज कुमार, उप नगर आयुक्त श्री गरजा शंकर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लाभुक एवं अन्य लोग उपस्थित थे.

###

====================

#TeamPRD(CMO)